http://www.sgbauonline.com/



## M.A. Part–I (Semester–I) Examination

## HINDI

## Paper—2

## (Hindi Sahitya Ka Itihas)

समय - - तीन घण्टे] [पूर्णांक — 80

### खण्ड—'क' (दीर्घोत्तरी प्रश्न)

1. साहित्येतिहास लेखन की प्रमुख आधारभूत सामग्री की विवेचना कीजिये। 16

अथवा

हिन्दी साहित्य के इतिहास के कालविभाजन और नामकरण की समस्या पर प्रकाश डालिए।

2. 'रासो' शब्द का व्युत्पत्तिपरक अर्थ समझाते हुए रासो काव्य परम्परा को विशद कीजिये। 16

अथवा

सिद्ध साहित्य का परिचय देते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. संत काव्य की सामान्य प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिये। 16

अथवा

कृष्णकाव्य परंपरा का उल्लेख करते हुए उसमें सूरदास के योगदान का मूल्यांकन कीजिये।

### खण्ड—'ख' (लघूत्तरी प्रश्न)

4. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर **10** से **15** पंक्तियों में लिखिये :— 4×4=16

(1) जैन साहित्य का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

(2) 'पृथ्वीराज रासो' की प्रमाणिकता के सम्बन्ध में विभिन्न मतों को समझाइए।

(3) आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्वारा किए गए कालविभाजन की समीक्षा कीजिये।

(4) 'तुलसीदास समन्वयवादी कवि है' — सिद्ध कीजिये।

(5) साहित्येतिहास के पुनर्लेखन की कौन-कौनसी समस्याएं हैं ?

(6) कथानक रुढ़ि से क्या तात्पर्य है ?

### खण्ड—'ग' (वस्तुनिष्ठ/अतिलघूत्तरी प्रश्न)

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ/अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार लिखिये : – 16×1=16

(1) गार्सा द तासी के हिन्दी साहित्येतिहास ग्रंथ का नाम क्या है ?

(अ) द मॉर्डन वर्नाक्यूलर लिटरेचर ऑफ हिंदुस्तान

(ब) इस्त्वार द ला लितरेत्युर ऐन्दुई ऐन्दुस्तानी

(क) ए हिस्ट्री ऑफ हिंदुस्तानी लिटरेचर

(ड) मिश्रबंधु विनोद



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(2) आदिकाल को 'चारणकाल' किसने कहा है ?

(अ) रामकुमार वर्मा (ब) जार्ज ग्रियर्सन

(क) रामचंद्र शुक्ल (ड) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(3) सिद्धों की संख्या कितनी मानी गई है ?

(अ) 75 (ब) 80

(क) 81 (ड) 84

(4) निम्नलिखित में से कौनसा रासो विरहगीत की श्रेणी में आता है ?

(अ) पृथ्वीराज रासो (ब) बीसलदेव रासो

(क) हम्मीर रासो (ड) इनमें से कोई नहीं

(5) विद्यापति मूलतः किस भाषा के कवि हैं ?

(अ) मैथिली (ब) खड़ीबोली

(क) अवधी (ड) ब्रज

(6) आचार्य रामचंद्रशुक्ल द्वारा लिखित 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' मूलतः किस ग्रंथ की भूमिका के रूप में लिखा गया था ?

(अ) हिन्दी शब्दानुशासन (ब) हिन्दी साहित्य की भूमिका

(क) हिन्दी शब्दसागर (ड) हिन्दी वाङमय

(7) डिंगल शैली का प्रयोग किसमें मिलता है ?

(अ) सिद्ध साहित्य (ब) जैन साहित्य

(क) रासो साहित्य (ड) लौकिक साहित्य

(8) 'खड़ी बोली' का प्रथम कवि किसे कहा गया है ?

(अ) भारतेंदु हरिश्चंद्र (ब) मैथिलीशरण गुप्त

(क) कबीर (ड) अमीर खुसरो

(9) 'पुस्तक जल्हण हत्थ दै चलि गज्जन नृपकाज' किसकी पंक्ति है ?

(अ) अमीर खुसरो (ब) चंदबरदाई

(क) विद्यापति (ड) नरपति नाल्ह

(10) अलवार भक्तों का मूल्य स्थान कहाँ था ?

(अ) दक्षिण भारत (ब) उत्तर भारत

(क) पूर्वी भारत (ड) पश्चिम भारत

(11) वल्लभाचार्य के पुत्र का क्या नाम था ?

(अ) सूरदास (ब) गोस्वामी विट्ठलनाथ

(क) कृष्णदास (ड) नन्ददास



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(12) अकबर के नवरत्नों में कौनसा कवि सम्मिलित था ?

(अ) रहीम (ब) रसखान

(क) कुम्भनदास (ड) केशवदास

(13) सगुण भक्ति काव्य में राम और कृष्ण किसके अवतार माने गए हैं ?

(अ) ब्रह्मा (ब) विष्णु

(क) शिव (ड) इनमें से कोई नहीं

(14) कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा है ?

(अ) रामचंद्र शुक्ल (ब) डॉ रामकुमार वर्मा

(क) हजारीप्रसाद द्विवेदी (ड) श्यामसुंदर दास

(15) ''तन चितउर मन राजा कीन्हा।
हिय सिंघल बुधि पद्मिनि चीन्हा।।''

यह पंक्ति किसकी है ?

(अ) कुतुबन (ब) तुलसीदास

(क) मलिक मोहम्मद जायसी (ड) चन्दरबरदाई

(16) 'भ्रमरगीत' में गोपियाँ किससे तर्क-वितर्क करती हैं ?

(अ) कृष्ण (ब) अक्रूर

(क) बलराम (ड) उद्धव



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/